अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

कासगंज: नामी ब्रांड का टैग लगाकर बाजार में खपा रहे थे नकली घड़ियां, मारा छापा

कासगंज, अमृत विचार। टाइटन और सोनाटा कंपनी के नाम पर बाजार में बेची जा रही नकली घड़ियों की सूचना पर कंपनी के दिल्ली से आए अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ छापामार कार्रवाई की। टीम ने शहर के एक घर से सैकड़ों की संख्या नकली घड़ियां और बॉक्स बरामद किए हैं। टीम ने घड़ियां सप्लायर के खिलाफ सदर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है।

सदर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराते हुए गौरव तिवारी पुत्र श्याम नारायण तिवारी ने बताया कि शहर के मुहल्ला नबाब गली छेदालाल निवासी संजय भारद्वाज नकली घड़ियों की सप्लाई बाजार में करते हैं। गौरव तिवारी ने सदर कोतवाली पुलिस के साथ संजय के घर में छापा मारा तो सोनाटा के लगे नकली ब्रांड की 240 घड़ियां, टाइटन की 40, फास्ट्रैक की 20 घड़ियों के अलावा भारी मात्रा में बॉक्स बरामद हुए हैं। टीम ने मौके से घड़ियों को जब्त कर लिया है। गौरव तिवारी ने बताया कि संजय भारद्वाज कई माह से नकली घड़ियों को कंपनी का ब्रांड लगाकर बाजार में सप्लाई करते थे, लोगों के साथ धोखाधड़ी कर महंगे दामों में बेचते थे। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

Source: https://www.amritvichar.com/article/487720/kasganj-fake-watches-were-being-sold-in-the-market-by#